राज्य सरकार तकनीकी कु ालता और व्यावसायिक ि ाक्षा के विस्तार को पूरी प्राथमिकता देती है। चालू वर्श के दौरान औद्योगिक प्रि ाक्षण संस्थान, करनाल तथा सोनीपत में प्लास्टिक संसाधन आप्रेटर पाठ्क्रम भुरू किया गया है। वि ोश संघटक योजना स्कीम के अन्तर्गत औद्योगिक प्रि ाक्षण संस्थान, यमुनानगर तथा गुड़गांव में केवल अनुसूचित जातियों के लियें दो नये यूनिट भी खोले गए है। ि ाक्षुता प्रि ाक्षता स्कीम के अन्तर्गत राज्य में 5,129 सीटे है जिन में से चालू वर्श के दौरान 4,177 ि ाक्षु लगे हुए है। वर्श 1990–91 के दौरान राज्य के एक व्यावसायिक ि ाक्षा संस्थान

स्थापित करने का प्रस्ताव है जिसमे ि ाक्षा को व्यवसाय–प्रधान बनाने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। आगामी वर्श में महिलाओं के लिये दो और औद्योगिक प्रि ाक्षण संस्थानो ंऔर व्यावसायिक ि ाक्षा के विकास के लियें 2 करोड़ 75 लाख रुपये का परिव्यय नियत किया गया है।

परिवहन

हरियाणा राज्य परिवहन का समस्त दे ा की परिवहन सेवाओं में अग्रणी स्थान रहा है। भारत सरकार के योजना आयोग ने, विभाग द्वारा प्राप्त परिचालक परिमाप के आधार पर हरियाणा राज्य परिवह को दे ा की सर्वोत्तम सेवाओं मे माना है और इसे दे ा मैं '' आद र्ा परिवहन उपक्रम'' का दर्जा दिया है। हमारी बसें इस समय 2,000 से अधिक मार्गो पर चलती है और इनमें प्रतिदिन लगभग 15 लाख यात्री 10 लाख किलोमीटर की दूरी तय करते है। महत्वपूर्ण स्थानों को चण्ड़ीगढ़ और दिल्ली से मिलाने के लिये वातानुकूलित, डीलक्स सेवायें तथा अर्ध–डीलक्स सेवायें आरम्भ की जा चुकी है। हमने गांवों तक पहुचने वाली सडंको पर मिनीबस सेवाओं की व्यवस्था करके अद्वितीय कदम उठाया है। चालू वर्श के दौरान 16 करोड़ रुपये के खर्च से 387 पुरानी बसों को बदलने के अतिरिक्त 200 नई बसे खरीदी जा रही है। वर्श 1990–91 के दौरान 18 करोड़ रुपये के परिव्यय से 313 पुरानी बसों को बदलने के अतिरिक्त 128 और नई बसे लेने का प्रस्ताव हैं। दिसम्बर, 1990 के अन्त तक हमारा सभी गांवो तक बस सेवायें प्रदान करने का कार्यक्रम है। महत्वपूर्ण स्थानो पर आधुनिक बस अड्डे बनाये जा रहे है। अच्छी किस्म की खाद्य सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध करवाने के लिये चरणबद्ध

कार्यक्रम के रूप में खान–पान सेवाये हरियाणा पर्यटन निगम को सौपी जा रही है। (तालिया)

हरियाणा राज्य परिवहन, जनता के विभिन्न वर्गों को मुफ्त यात्रा सुविधा दे रही है। इनमें सांसद, विधायक, भूतपूर्व विधायक, स्वतन्त्रता सेनानी तथा उनकी विधवाये नेत्रहीन व्यक्ति, मान्यता–प्राप्त संवाददाता, हरियाणा सरकार के डैक्स अधिकारी तथा युद्ध में मारे गये सैनिको की विधवाये तथा उनके उत्तराधिकारी भाामिल है। इसके अतिरिक्त निरीक्षक स्तर तक पुलिस अमले, मान्यता प्राप्त विद्यालयों महाविद्यालयों, के छात्रों को 60 किलोमीटर की दूरी तक, हरियाणा खेल समारोहो में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, चण्ड़ीगढ़ तथा पंचकूला में रहने वाले कर्मचारियों को घर से कार्यालय और वापसी 10 से अधिक फलदार पौधों को ले जाने वाले किसानो वे कर्मचारियों को रियायती दरों पर मासिक पास की सुविधाये दी गई है। वर्श 1987 में सत्ता में आने के बाद इस राज्य सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों, बोर्डो तथा निगमों में साक्षात्कार हेतु आने–जाने वाले सभी बेरोजगार व्यक्तियों को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की है। हाल ही में इसी तरह की रियायती सुविधायें संयुक्त पंजाब के समय के भूतपूर्व सांसदों, विधायाकों तथा विधान परिशद् के सदस्यों को भी हरियाणा में यात्रा के लिये दी गई है। मैने जिन रियायतों का अभी जिक्र किया है उसकी वजह से राज–कोश पर लगभग 14 करोड़ रुपये वार्शिक का आर्थिक बोझ पड़ता है।

सड़के तथा पुल

आर्थिक विकास के लिये सड़के अत्यन्त महत्वपूर्ण है। चालू वर्श के दौरान 270 किलोमीटर लम्बी नई सड़के बनाने की आ ाा है जबकि आगामी वर्श में 220 किलोमीटर लम्बाई की नई सड़के बनाने का लक्ष्य है। वर्श 1989–90 में 290 किलोमीटर लम्बाई की सड़को को सुदृढ़ तथा चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है। जबकि वर्श 1990–91 के दौरान 200 किलोमीटर लम्बी सड़को को सुदृढ़ व चौडा करने का लक्ष्य रखा गया है। बल्लबगढ़ से हरियाणा उत्तर प्रदे ा सीमा तक राश्ट्रीय राजमार्ग को चार–मार्गी बनाने का काम एि ायन विकास बैंक की सहायता से जनवरी, 1991 से भाुरू किये जाने की आ ा है। इसके अतिरिक्त मुरथल से करनाल तक भोर ााह सूरी मार्ग को चार–मार्गी बनाने का काम भी 1990–91 के अन्त तक पूर कर दिया जाएगा। राज्य की विभिन्न सड़कों पर 16 पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है। यह सब काम करने के लिए वर्श 1990–91 में 20 करोड़ रुपये के खर्चे की व्यवस्था प्रस्ताविक है। इसके अतिरिक्त हरियाणा कृशि विपणन बोर्ड के द्वारा ग्राम सम्पर्क सड़को के रख–रखाव के साथ–साथ 14 करोड़ 62 लाख रुपये के खर्चे से 450 किलोमीटर लम्बाई की सड़के बनाने का प्रस्ताव है।

रेल यात्रा के लिये बेहतर और नई सुविधाए जुटाने हेतु हम ने रेल विभाग से जाखल से हनुमानगढ़ तक, रोहतक से हिसार तक ओर जगाधरी से चण्ड़ीगढ़ तक नई बड़ी लाईन बिछाने तथा भिवानी–बठिन्डा अनुभाग को बड़ी लाईन में बदलने का अनुरोध किया है।

पर्यटन

हरियाणा की पर्यटक सुविधाए, दे ा भर में एक आद र्ा बन गई है। चालू वित्त वर्श के दौरान उदार केन्द्रीय सहायता से पिजौर में स्टाफ–क्वार्टर उचाना और काला–अम्ब में कैफेटेरिया, अबूब ाहर में रेस्तरा और आसाखेड़ा में स्टाफ–क्वार्टर पूरे हो चूके है। फरीदाबाद में एक गाल्फ कोर्स और बल्लबगढ़ में मोटल, रेस्तरां तथा बार, केन्द्रीय सहायता से पूरे होने वाले है महम में चौबीसी का चबूतरा'', ऐतिहासिक स्थल पर एक रेस्तरां बन चुका है हरियाणा पर्यटन विभाग ने बल्लबगढ़, पानीपत, सिरसा, हिसार, और पिपली के बस अड्डो पर खान–पान की व्यवस्था की अतिरिक्त जिम्मेदारी सम्भाली हुई है। फरवरी, 1990 में सूरज–कुण्ड में एक काफट मेले का आयोजन किया गया जहां हमारे दे ा के ि ाल्पकारों द्वारा विविध ि ाल्प–कलाओं तथा पुरातन वस्तुओं का प्रद र्ान किया गया। यह मेला देखने के लिये दूर दराज से असंख्या लोग आए। इस विभाग की अगले वर्श की विकास स्कीमों में गुडंगांव जिला में दमदमा के समीप एक मनोरजन पार्क की स्थापना और सिरसा जिला में आसाखेड़ा में एक संगीतमय फव्वारा भाामिल है। वर्श 1990–91 की वार्शिक योजन में हरियाणा में पर्यटन कार्यो को बढ़ावा देने के लियें 2 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। (तालिया)

स्वास्थ्य सेवायें

हमारी सरकार ''2000 ईसवी तक सर्वसाधारण के लिये स्वासथ्य सुविधा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य समय से पूर्व प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य–सुविधाओं का विस्तार करने के लिये

1989–90 के दौरान 161 उप केन्द्र 61 प्राथमिक स्वास्थ्या केन्द्र और 10 सामुदायिक केन्द्र स्थापित किये जाने की सम्भावना है और वर्श 1990–91 के दौरान वर्तमान आधरित संरचना में सात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा दो चलदंल–चिकित्सा यूनिट भाामिल कर दिये जायेगें। वर्श 1990–91 के लियें 15 करोड़ 10 लाख रूपये के परिव्यय की व्यवस्था की गई है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत मास जनवरी, 1990 तक 67,227 नलबन्दी अथवा नसबन्दी आप्रे ान और राश्ट्रीय नेत्रहीनता कार्यक्रम के अन्तर्गत 22,829 आखों के आप्रे ान किये गए है।

वर्श 1989–90 के दौरान 5,514 और बीमाकृत औद्योगिक कामगारों को राज्य कर्मचारी बीमा स्कीम के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है तथा अगले वर्श 2,550 और कामगारों का बीमा किया जायेगा। भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिये 65 लाख रुपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया है।

महाराज अग्रसेन चिकित्सा ि ाक्षा और अनुसंधान संस्थान, अग्रोहा में स्थापित किया गया है जिसके लिए 50 विद्यार्थियों का दाखिला भी किया गया है। मुझे अपने साथियों को यह बताते हुए खु ाी हो रहीं है कि योजना आयोग ने इस प्रोजैक्ट को अपनी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना का निर्माण कार्य सरकारी निधि और जनता के आर्थिक सहयोग से आगामी वर्श के दौरान वस्तुतः आरम्भ कर दिया जायेगा।

हम चिकित्सा महाविद्यालय, रोहतक में तकनीकी जन भाक्ति और सुविधाएं बढ़ाने के लिए उत्सुक है, विकिरण चिकित्सा में एम0 डी0 व डिप्लोमा तथा आर्थोडान्टिक्स/प्रास्थोडान्टिक्स में एम0 डी0 जैसे नये पाठ्क्रम भ्रु कर दिये गए है। दन्त स्वास्थ्य में डिप्लोमा पाठ्क्रम भ्रु किया जा रहा है। चिकित्सा महाविद्यालय, रोहतक में वर्तमान आधारिक संरचना और बढाने के लिये 6 करोड़ रूपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया है।

ि ाक्षा

ि ाक्षा का विकास तथा निरक्षरता का उन्मूलन हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। जन–साधानण के लियें प्रारम्भिक ि ाक्षा के प्रचार हेतू अगर से एक प्राथमिक ि ाक्षा निदे ाालय की स्थापना की गई है। 6 से 11 वर्श की आयु वर्ग के लड़को की ि ाक्षा से संबन्धित लक्ष्य पूर्ण रूप से प्राप्त कर लिये गये है। लडकियों की ि ाक्षा में हमारी उपलब्धि 90 प्रति ात तक सीमित है। सातवीं पंच–वर्शीय योजना के दौरान 507 प्राइमरी और 328 मिडल स्कूलों का दर्जा बढ़ाकर क्रम ाः मिडल व उच्च विद्यालय स्तर का बना दिया गया है। अगले वर्श के दौरान 100 प्राइमरी, 50 मिडल तथा 25 उच्च विद्यालयों का अगले स्तर तक दर्जा बढ़ाने का प्रस्ताव है। लड़कियों की ि ाक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये चालू वर्श के दौरान 100 और विद्यालय खोले जा रहे है। वित्त आयोंग की सिफारि ाों पर केन्द्रीय सरकार से प्राप्त 4 करोड़ 88 लाख रूपये के वि ोश अनुदान से चालू वर्श के दौरान 488 प्राथमिक विद्यालय भवनों के निर्माण का कार्य चलाया जा रहा है। वर्श 1989–90 के दौरान 1,497 अतिरिक्त विद्यालयों को ''आप्रे ान ब्लैक बोर्ड'' स्कीम

के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है। सरकार के वि ोश प्रयास है कि अनुसूचित जातियों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के बच्चे अधिक–से–अधिक संख्या में स्कूलों मे आयें और ि ाक्षा ग्रहण करे। इन स्कीमों को अच्छी तरह चलाने के लिये इन बच्चों को मुफ्त लेखन सामग्री, फीस, वर्दी आदि के रूप में विभिन्न प्रोत्साहन दिये जा रह है। हमारी सरकार की एक और अनूठी योजना के तहत घुमन्तु कबीलो के बच्चों को स्कूलों में आकर्शित करने के लिये एक रूपया प्रतिदिन उपस्थिति की दर से प्रोत्साहन दिया जाता है। अगले वर्श के दौरान इन घुमन्तु कबीलो के 22 हजार बच्चों तक यह लाभ पहुचाने का प्रस्ताव है।

231 स्कूलों तथा 117 महाविद्यालयों में 10 जमा 2 ि ाक्षा प्रणाली की सुविधा उपलब्ध हैं गुड़गांव तथा सोनीपत में जिला ि ाक्ष एवम् प्रि ाक्षण संस्थाओं ने कार्य करना आरम्भ कर दिया है। राज्य के प्रत्येक जिले में एक–एक नवोदय विद्यालय खोला जाना है। 9 जिलों के लिये नवोदय विद्यालयों को मन्जूर किया जा चुका है और भोश जिलों को चरणबद्ध रूप में इस स्कीम के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है।

हम ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में उच्चतर ि ाक्षा को बढ़ावा देने के लिये उत्सुक है। वर्श 1989–90 के दौरान तावड़ में राजकीय महाविद्यालय खोला गया है और अगले वर्श राज्य में दो राजकीय महाविद्यालय खोले जाने का प्रस्ताव है। चालू वर्श के दौरान तीन महाविद्यालयों में विभिन्न विशयों में स्नातकोत्तर ि ाक्षाये तथा चार महाविद्यालयों में नये विशय आरम्भ किये गये है। राश्ट्रीय ि ाक्षा नीति के अन्तर्गत वश्र 1990–91 के दौरान तीन महाविद्यालयो में विज्ञान विशय और स्नातकोत्तर स्तर पर रोजगार–उन्मुखी कार्यक्रम तथा नये विशय आरम्भ करने का प्रस्ताव है। वर्श 1990–91 के दौरान एक ओपन यूनिवर्सिटी अथवा दूरस्थ ि ाक्षा यूनिट स्थापित करने तथा प्रयोगत्मक आधार पर कुछ महाविद्यालयों को स्वायत महाविद्यालयों में बदलने का भी प्रस्ताव है। हमारे राज्य को सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम पारित करने में उत्तर भारत का सर्वप्रथम राज्य होने का गौरव प्राप्त है। नये बने चार जिलों में उस मंण्डलीय स्तर के पुस्तकालयों का दर्जा बढ़ा कर जिला पुस्तकालय बनाने का प्रस्ताव है।

खेल–कुद

युवावर्ग में अनु ाासन, धैर्य, सहन ीलता तथा नेतृत्व के गुण विकसित करने में खेलों का महत्वपूर्ण योगदान है। हमने खेलकूद–प्रतिभा को विकसित करने के लिये कु ती, जिमनास्टिक्स जैसे महत्वपूर्ण खेलों के लिए विभिन्न स्कीमें भाुरू की है। परिणामस्वरूप हमारे राज्य में अनेक प्रतिभा ाली खिलाड़ी उभरे हैं जिससे राज्य और दे ा को सम्मान मिला है। मास दिसम्बर, 1989 में पि चमी बंगाल मे ंभद्रे वर में हुई राश्ट्रीय योग प्रतियोगिता में हमारी योग टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। हम राज्य के प्रत्येक जिले के खिलाड़ियों को आधारभूत सुविधायें देते का प्रयास कर रहे है। कु ती को प्रोत्साहन देने के लिये, हमारे राज्य ने पहली बार 11 खलीफों को 200 रूपये के योजनागत परिव्यय से वर्श 1990–91 के दौरान खेलकूद को और विकसित करने का प्रस्ताव है।

समाज कल्याण

हमारे राज्य के वृद्ध नागरिको को सुरक्षा तथा आत्म–सम्मान प्रदान करने के लिये हमारी सरकार ने जो वृद्धावस्था पे ान स्कीम चलाई है वह अपने आप में बेजोड़ है और पूरे राश्ट्र भर में इस स्कीम की बदौलत हरियाणा को एक वि ोश स्थान मिला है। इस वर्श 7 लाख 77 हजार लोगों का वृद्धावस्था पे ान का लाभ पहुचां है जिस पर 104.43 करोड़ रूपये का खर्चा हुआ है। वर्श 1990–91 के दौरान इस योजना के तहत हमने 101 करोड़ 57 लाख रूपये का प्रावधान रखा है जिससे 8 लाख 48 हजार लोगा लाभान्वित होगें। इस प्रकार पे ान स्कीम के तहत भाारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों, वे सहारा

महिलाओं और विधवाओं को जो लाभ प्राप्त हो रहा है, वह आगमी वर्श में जारी रखा जायेगा। इस श्रेणी में आने वाले लाभथियों को मौजूदा साल में वि ोश लाभ दिये गये है। जहां इस लाभ प्राप्तकर्त्ताओं की पात्रता के लिये 50 रुपये मासिक आमदनी की सीमा थी उसे बढ़ाकर 200 रूपये प्रतिमास कर दिया गया है और पे ांन की दर 50 रुपये प्रति मास से बढ़ाकर 75 रुपये प्रतिमास कर दी गई है। उपेक्षित और अपचारी बच्चों के पुनर्वास के लिये बालक न्याय अधिनियम के तहत हर जिले में एक–एक अपचारी कल्याण बोर्ड बनाया जा रहा है। हमारे कल्याण निगमों और स्वैच्छिक संस्थाओं की सहायता से महिलाओं और समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत स्कीमें चलाई जा रही है। समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं को अमलीजामा पहनाने के लिये वर्श 1990–91 के दौरान 141 करोड़ 61 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गो तथा अन्य दलित वर्गो के सामातिक व आर्थिक उत्थान के लिये अनेक कार्य किये जा रहे है जिनमें हरिजन बस्तियों को सुधार, आवास सहायता, पेयजल की सुविधा व हरिजन चौपाल आदि बनाने की स्कीमें वर्गनीय है। इन वर्गों के बच्चों में ि ाक्षा का प्रसार करने के लिये अनेक उपाय किये गये है। उन उपायों को सुदृढ़ करने के लिए हमारी सरकार ने आठवीं श्रेणी के विद्यार्थियों के लिये लेखन सामग्री अनुदान की रा ि ा 20 रूपये से बढ़ाकर 40 रुपये प्रतिवर्श और उच्च श्रेणियों के लियें 40 रुपये से 60 रुपये प्रतिवर्श कर दी है। इसी प्रकार नौवी, दसवीं व ग्यारहवीं जमातों मैं पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जो वज़ीफा दिया जाता था उसकी रा ि ा

क्रम ाः 40, 50 व 60 रुपये प्रतिमास से बढ़ाकर 80, 100 व 120 रूपये प्रतिमास कर दी गई है। अनुसूचित जातियों के लियें हमारी सरकार ने एक और नई स्कीम इस साल चालू की है जिसके तहत पहले दो बच्चों के जन्म के समय जच्चा को अच्छी खुराक व देखभाल के लिये 300 रुपये की रा ि ा दी जाती है। आगामी वर्श में इस उद्दे य के लिये 25 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। हरियाणा हरिजन कल्याण निगम ने मास नवम्बर, 1989 तक 90 लाख रुपये की हिस्सा पूंजी की सहायता से 7,348 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया है। हरियाणा पिछड़े वर्ग कल्याण निगम को मौजूदा साल में 40 लाख रुपये की हिस्सा पूंजी दी गई है तथा अगले वर्श 50 लाख रुपये बतौर हिस्सा पूंजी देने का प्रावधान रखा गया है।

वि ोश संघटक योजना

हमारी सरकार इस योजना के तहत अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गो के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को वि ोश महत्व देती है। चालू वर्श में इस योजना के तहत योजना परिव्यय के 596.69 करोड़ रुपये में से 71.12 करोड़ रुपये का खर्चा निर्धारित किया है। मास जनवरी, 1990 तक विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत 28,475 परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जा चुकी है। अगले वर्श के 700 करोड़ रुपये के अनुमोदित योजना परिव्यय में से 81.74 करोड़ रुपये इस योजना हेतु खर्च करने की व्यवस्था की गई है।

मेवात विकास बोर्ड

हमारी सरकार की नीति रही है। कि पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर हम वि ोश बल दे। इसी सम्बंध में मेवात विकास बोर्ड के माध्यम से अनेक विकास की स्कीमें क्रियान्वित की जा रही है। रोजका मेव में औद्योगिक कम्पलैक्स की जो रूप–रेखा उभरी है इससे उस क्षेत्र के बदलते स्वरूप की झलक मिलती है। मेवाल विकास बोर्ड के जरिये विभिन्न विकास की स्कीमों पर जहां 2.25 करोड़ रुपयें का खर्चा मौजूदा साल में किया गया है वहीं अगले वर्श के लिये हमने 3 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा है।

मैचिग ग्रांट योजना

हरियाणा राज्य मैंचिग ग्रांट स्कीम भुरू करने में अग्रणी रहा है। इसी स्कीम के माध्यम से हम अपने सभी विकास एवं जनहित कार्यों मे जनता का सहयोग प्राप्त करने में सफल रहे है। लोगों ने इस स्कीम को बहुत पसंद किया है। इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता हैं कि 31 मार्च, 1989 तक 3,938 विकास कार्यों के लिये राज्य के हिस्से के रूप में 8 करोड़ 3 लाख रुपये की रा ि ा खर्च की गई है। मैचिगं ग्रांट स्कीम के कार्यक्षेत्र को और बढ़ा दिया गया है तथा इसे कार्यान्वित करने के लिये नीचे के स्तर पर पर्याप्त भाक्तियां दी गई है। महत्वपूर्ण विकास एवं जनहित कार्यों को सम्पन्न करने में इस स्कीम का भारी योगदान है। तथा इसी के परिणामस्वरूप इस वर्श में राज्य का अं ादान एक करौड़ तीस लाख रुपए से बढ़ा कर 5 करोड़ 80 लाख रुपये कर दिया गया है। महिला–ि ाक्षा को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार ने इस वर्श कन्या विद्यालयों के भवन–निर्माण हेतु अपने अं ादान को जनता के अं ादान की रा ि ा के बराबर से बढ़ाकर दो गुना कर देने का निर्णय किया है। हम

आगामी वर्श भी इस स्कीम को जारी रखेगें जिसके लिये राज्य के अं ादान के रूप में एक करोड़ 45 लाख रुपये की रा ि ा के प्रावधान की व्यवस्था की है।

हमारी सरकार पंचायतों एंव नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने की इच्छुक है। इसी उद्दे य से हमने ग्रामीण क्षेत्रों में बिकने वाली देसी भाराब की प्रत्येक बोतल पर एक रूपये की दर से अतिरिक्त भ ुल्क लगाने का निर्णय लिया। इसके दृश्टिगत हमने इस वर्श 2 करोड़ रुपये की रा ि ा पंचायतों, पंचायत समितियों और नगरपालिकाओं को पहले ही दे और पूरे वर्श के लिये 5 करोड़ 39 लाख रुपये देने का प्रस्ताव है। हमारी सरकार इस स्कीम को आगामी वर्श के दौरान भी जारी रखेगी जिसके लिये 5 करोड़ 42 लाख रुपये की रा ि ा का प्रावधान किया गया है।

व्यापरियों तथा उद्योगपतियों को रियासतें

जहां आबकारी तथा कराधान विभाग ने चालू वर्श में जनवरी, 1990 वसूलियों में पिछले वर्श की आमदनी से 14.91 प्रति ात की वृद्धि दिखाई है, वहां हमने कर प्रणाली में सुधार लाने तथा व्यापारियां एवं उद्योगपतियों को और रियायतें व सुविधाएं देने के लिये भी ठोस कदम उठाए है। हम व्यापारी–वर्ग की कार्य संबंधी कठिनाइयां समझते है और उनको कुछ सीमा तक कम करने के लिये हमने 1–10–89 से संक्षिप्त कर निर्धारण के लिये आयसीमा 3.00 लाख रुपये से बढ़ा कर 5.00 लाख रुपये कर दी है। इसी प्रकार लेखा–पुस्तके न बनाने अथवा उन्हे व्यापार के स्थान पर न रखने के लिये जुर्माना 5,000 रुपये से घटाकर 500 रुपये कर दिया है। कर

राहत की दि ाा में कम्बलों, खान्डसारी तथा बूरा पर से कर हटा दिये गये है और गेहूं–उत्पाद, डबलरोटी, बीजों तथा छोटी कारों पर करों की दरें कम कर दी गई है। सीमेन्ट को छोड़ अनुसूची ''क'' में वर्णित आरामदेह वस्तुओं पर कर की दर 12 प्रति ात से घटाकर 10 प्रति ात कर दी गई है। नये उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिये सरकार की नीति के अनुसार 33 नये उद्योगों को बिक्री कर से छूट अथवा स्थगन लाभ दिया गया है। कर की चोरी को रोकने के लिये मुख्यालय पर चौकसी विग खोलने का प्रस्ताव है।

केन्द्रीय प्रायोजित योजना

मैंने वर्श 1990–91 के बजट अनुमानों में जिन विभिन्न योजनाओं का अभी जिक्र किया है उनमें 142 करोड़ 91 लाख रुपये की ऐसी स्कीमें भी भाामिल है जो केन्द्र सरका की सहायता से पूरी होंगी। परिणाम–स्वरूप, अनेक केन्द्र सरकार की सहायता से पूरी होंगी। चालू वर्श के साथ ही सातवी पंचवर्शीय योजना भी समाप्त हो जाएगी। परिणाम–स्वरूप, अनेक केन्द्र चालित स्कीमो को चालू रखने के लिए इन्हे राज्य क्षेत्र को अन्तरित किये जाने की सम्भावना है जिससे गैर योजना खर्चे में आर्थिक भार और भी बढ़ जाएगा। हम इस मामले में केन्द्र सरकार से अनुरोध करेगें कि वे ऐसी स्कीमें राज्य क्षेत्र में अन्तरित करने के बदले हमें एकमु त आर्थिक सहायता दे।

संसाधन संग्रह

सरकार इस मूल सिद्धान्त से अवगत है कि महत्वाकांक्षी एवं कल्याणकारी विकास स्कीमों को कार्यरूप देने और लोगों को पर्याप्त सेवाएं एवं सुविधाएं, जुटाने के लिये संसाधन–आधान सुदृढ़

होना अति आव यक है। इस दृश्टि से सरकार ने पहले एक संसाधन समिति गठित की थी जिसे अब ''रिसोसिज एवं इकोनोमी कमेटी'' का नाम दिया गया है। यह समिति ऐसे क्षेत्रों की पहचान करेगीं जहां किफायत की जा सके तथा यह नए साधनों की तला ा करने में अपना बहुमूल्य पराम र्ा भी देंगी। इसी प्रकार हाल ही में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक प्र ाासनिक सुधार समिति का गठन किया गया है जो कार्य प्रणाली में सुधार, अनु ाासन रखने और कर्मचारियों की कार्य–कु ालता में पर्याप्त सुधार लाने के लिये उपायों की सिफारि ा करेगी। विभिन्न स्थानों पर बेकार पड़ी व प्रयोग में न लाई जाने वाली सरकारी जमीनों को आवासीय एवं वाणिल्यिक उपयोग में लाया गया है जिससे राज्य सरकार को अतिरिक्त आय भी हुई है। इसी प्रकार परित्यक्त सम्पत्तियों (Evacuee Properties) के कब्जों को नियमित करने से सरकार को लगातार आमदनी हो रही है। अचल सम्पत्ति के कम मूल्यांकन को रोकने के लिये किये गये उपायों के परिणामस्वरूप 15 करोड़ रुपयें की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। लघु बचत स्कीम अभियानं के अन्तर्गत जनता द्वारा अधिक से अधिक धन–रा ि ा जमा करवाने पर जोर दिया जा रहा है जिससे भी राज्य के आय साधनों में वृद्धि हुई है। राज्य सरकार को वर्श 1988–89 में लघु बचतों की वजह से भारत सरकार से 173 करोड़ 36 लाख रुपये की कर्जा सहायता मिली है और हमें इस वर्श भी लगभग इतनी ही सहायता मिलने की आ ाा है। सभी सरकारी विभागों, बोर्डों तथा निगमों को पराम र्ा दिया गया है कि वे देय बकाया रा ि ायों की वसूली करें और खर्च–प्रक्रिया को बेहतर बनाने के भरसक प्रयास करें ताकि फिजूल खर्च को रोका जा सके।

इन प्रयासों के बावजूद इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि गैर–विकास खर्चों में अभी भी बचत करने की गुंजाइ ा है। हम फालतू खर्च को कम करने व खर्च मानको की पूरी तरह छान–बीन करके विकास कार्यों के लिये धन बचाने के भरसक प्रयास जारी रखेगें।

नौवां वित्त आयोग

माननीय सदस्यों को यह ज्ञात है कि नौवे वित्तायोग की सिफारि ो केन्द्र से राज्यों को निधियों के अन्तरण के लिये मार्गद र्ान सिद्धान्त तय करती है। वित्तायोग द्वारा दी गई पहली रिपोर्ट में उसका फैसला हरियाणा जैसे समृद्ध एवं कु ाल राजस्व प्रबन्ध राज्यों के लिये उत्साहर्बद्धक नहीं रहा क्योंकि आयोग की सिफारि ाों का झुकाव घाटे वाले और पिछड़े राज्यों को सहायता देने की ओर अधिक रहा है। यह बात ध्यान देने योग्य है कि अपनी सिफारि ों करते समय वित्तयोग ने हरियाणा जैसे कु ाल राजस्व प्रबन्ध और वित्तीय अनु ाासन बनाये रखने जैसे विचारणीय विशयों को नजर–अन्दाज करके अपने ही मापदण्ड़ो की अवहेलना की है। आयोग द्वारा अपनाई गई इस एकतरफा प्रणली के कारण न केवल विभाज्य करों में हमारे आनुपातिक हिस्से में कमी आई है बल्कि आयोग द्वारा घाटे को पूरा करने व सेवाओं के स्तर को बढ़ाने के लिये राज्यों के लिये प्रस्तावित 1,156 करोड़ रुपये की अनुदान रा ि ा में से भी हमें कोई हिस्सा नहीं मिला। हमने विभिन्न मन्चों से आयोग के इस रवैये के विरूद्ध अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है। हमने वित्त आयोग के द्वारा विचारणीय विशयों पर भी आपत्ति जाहिर की

थी और दूसरे राज्यों के साथ मिलकर अपनी सिफारि ो दी थी। परन्तु आयोग द्वारा उन्हें ध्यान में न रखने से हमें निरा ाा हुई है।

यद्यपि यह खु ाी की बात अव य है कि नौवें वित्त आयोग के अध्यक्ष ने हमारे राज्य के कु ाल राजस्व प्रबन्ध की प्र ांसा करते हुये हमें दो वि ोश अनुदान दिये है। इनमें एक अनुदान 20 करोड़ रुपये की रा ि ा का है जो पुलिस सेवाओं के स्तर को बढ़ाने के लिये दिया गया है और दूसरा 4 करोड़ा 88 लाख रुपये का अनुदान प्राथमिक स्कूल भवन बनाने के लिये दिया गया है। इस अनुदानों का सही तरीके से प्रयोग किया जा रहा है। इस अनुदानों का सहीं तरीके से प्रयोग किया जा रहा है। हमने कुछ और ऐसे मूल क्षेत्र चुने है जहां सेवाओं के स्तर की बढ़ाने की आव यकता है और आयोग को दिये गये ज्ञापन मेंयह अनुरोध किया गया है कि वह अपनी दूसरी रिपोर्ट में अगले 5 साला योजना के लिये दी गई हमारी 639 करोड़ 17 लाख रुपये की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे। इससे वर्श 1990–91 के लिये 123 करोड़ 57 लाख रुपये के अनुदान की मांग भी भाामिल है। वित्तायोग की दूसरी रिपोर्ट भी 12 मार्च, 1990 को संसद के सामने पे ा कर दी गई है। केन्द्र सरकार ने इस रिपोर्ट को सिद्धान्त रूप में मन्जूर कर लिया है। जब तक इस रिपोर्ट का विस्तृत ब्योरा नहीं मिल जाता तब तक हम यह कहने की स्थिति में नहीं है कि हरियाणा को इससे क्या लाभ होगा। तथाति मैं आ ाा करता हूं कि हमारे राज्य को कुछ आर्थिक लाभ तो मिलना ही चाहिये।

सं ाोधित अनुमान 1989–90

वर्श 1989–90 के सं ाोधित अनुमान, चालू वर्श के लिये बजट अनुमानों की प्रस्तुत करने के बाद के हालातों को ध्यान में रखते हुए, यह द ार्शाते है कि रिजर्व बैंक के खातों के अनुसार यह वित्त वर्श बजट अनुमानों में दिखाते गये 36 करोड़ 24 लाख रुपये के घाटे के मुकाबले 19 करोड़ 33 लाख रुपये के घाटे से समाप्त होगा। ये आंकड़े हमारी सरकार की बढ़ती हुई जिम्मेवारियों के होते हुए भी कु ाल वित्त प्रबन्ध को बनाए रखने के इरादे द ार्शाते है। चालू वित्त वर्श के दौरान हमारी वित्त व्यवस्था पर विभिन्न प्रकार के दबाव पड़े है जिनके फलस्वरूप हमें अपनी कुछ प्राथमिकता वाली योजनाओं के परिव्यय में काट–छांट करनी पड़ी ताकि हमारे साधन परिवर्तित आव यकताओं के अनुरूप हो जायें। अतः अपने साधनों तथा योजना खर्च के मध्य ताल–मेल को ध्यान में रखते हुए हमने 676 करोड़ रुपये के मूल परिव्यय को सं ाोधित करके योजना का आकार 596 करोड़ 69 लाख रुपये रखा है।

वर्श 1989–90 के बजट अनुमानों में 19 करोड़ 78 लाख रूपये का प्रारम्भिक घाटा माना गया था, लेकिन वास्तव में वर्श 1989–90, रिजर्व बैंक के खातों के अनुसार, 12 करोड़ 42 लाख रुपये के मुनाफे के साथ आरम्भ हुआ । इस मुनाफे में 31 मार्च, 1989 को राज्य द्वारा धारित 76 करोड़ 75 लाख रुपये के खजाना बिलो को समायोजित किया गया है। इससे जाहिर होता है। कि पिछले वर्श के दौरान राज्य का वित्तीय प्रबन्ध बहुत अच्छा रहा है। चालू वित्त वर्श के दौरान राज्य की अर्थ व्यवस्था पर कई कारणों से भारी दबाव पड़ा है। सरकारी कर्मचारियों एवं पेन ानभोगियों को जनवरी, 1989 तथा जुलाई, 1989 से देय दो मंहगाई भत्ते की कि ते देने राजकीय कोश

पर 32 करोड़ 58 लाख रूपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। हमें, न्यायालय के निर्णयौं के अनुसार प्रौढ़ ि ाक्षा के अन्तर्गत आने वाले अध्यापकों को देय बकाया रा ि ा का भुगतान करने के लिये ि ाक्षा विभाग को 20 करोड़ा 61 लाख रुपये की रा ि ा तथा कृशि वि वविद्यालय को सं ाोधित वेतल–मानों के कारण बकाया देयता के लिये 2 करोड़ 32 लाख रुपयें की रा ि ा स्वीकृत करनी पड़ी है। हमारी सरकार, अपने नागरिकों के जीवन तथा सम्पत्ति की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। हमने आंतकवादियों की गतिविधियों का प्रभावी रूप से सामना करने के लिये अपनी कानून तथा व्यवस्था म ाीनरी को मजबूत करने के लिये 12 करोड़ 78 लाख रुपये अतिरिक्त रूप में खर्च किये है। ग्रामीण जनता को निरन्तर जल सप्लाई सुनि ि चत करने के विचार से, हमने ग्रामीण जल सप्लाई स्कीमों के उचित रख–रखाव के लिए 5 करोड़ 98 लाख रुपयें की अतिरिक्त रा ि ा तथा पक्के नालों के रख–रखाव के लिये 3.00 करोड़ रूपये की रा ि ा का खर्च किया है। मोरनी पहाड़ी क्षेत्र में भूमि अभिग्रहण के बढ़े हुए मुआवजे की अदायगी के लिये 6 करोड़ 80 लाख रुपये की अतिरिक्त रा ि ा और विकलांग तथा विधवाओं को बढ़ी हुई दरों पर पेन् ान देने के लिये एक करोड़ 77 लाख रुपये की रा ि ा अतिरिक्त रूप में खर्च करनी पड़ी है। हमने कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड और अन्य सहायता–प्राप्त संस्थाओं की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने के विचार से उनको 3 करोड़ 33 लाख रुपये की रा ि ा उपलक्ष्य में चार नये जिले बनाये गए है जिससे राजकीय कोश पर एक करोड़ 62 लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। हमने गैर विकास खर्च को कम से कम स्तर पर रखने की कोि ा ा की है, किन्तु साथ में यह भी ध्यान

रखा गया है कि धन की कमी के कारण बिजली, सिचाई और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यो की प्रगति में कोई बाधा न पड़े।

हमने लघु बचन संग्रहण व इस प्रकार के अन्य साधनों से अधिक से अधिक धन जुटाने के लिये भरसक प्रयत्न किये है लेकिन यह ध्यान रखा है कि हमारे नागरिको पर कोई अनाव यक वित्तीय बोझ न पड़े। सम्पति की खरीद–फरोख्त में कम–मूल्यांकन की प्रवृति को घटाने या समाप्त करने के हमारे प्रयासों के परिणामस्वरूप हमें लगभग 15 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हुई है।

बजट अनुमान तथा वार्शिक योजना 1990–91

माननीय अध्यक्ष महोदय, अब मै, इस सदन के सम्मुख वर्श 1990–91 के बजट अनुमान प्रस्तुत करने जा रहा हूं। निम्नलिखित तालिका में वर्श 1989–90 के सं ाोधित अनुमानों तथा वर्श 1990–91 के बजट अनुमानों के आधार पर राज्य की वित्तीय स्थिति का लेखा जोखा दिया गया है:–

(रुपए करोड़ों में)

संघटक	सं ाोधित अनुमान 1988–89	लेखे 1988–89	बजट अनुमान 1989–90	सं ाोधित अनुमान 1989–90	बजट अनुमान 1990–91
1	2	3	4	5	6
1 अथ भोश					
(क) महोलेखाकार के अनुसार	(–)29.75	(–)29.75	(–)41.02	(–)72.24	(–)130.99
(ख) भारतीय रिजर्व बैकं के अनुसार	(–)7.51	(–)7.51	(–)19.78	(+)12.42′	(–)19.33

(ग) प्रतिभूतियों में निवे ा	6.98	7.98	7.98	7.98	7.98
2 राजस्व लेखा प्राप्तियां	1458.60	1441.08	1665.52	1719.69	1894.14
खर्च	1512.76	1442.93	1623.35	1779.68	1515.98
अधि ेश(+)/घाटा (–)	(–)53.91	(–)1.85	(+)42.17	(–)59.99	(–)21.84
3 पूँजीगत खर्च	132.12	140.15	126.89	90.02	151.26
4. सार्वजनिक ऋण					
लिया गया ऋण	409.65	444.93	610.28	440.39	533.27
भुगतान	216.67	257.80	416.51	238.87	304.92
निवल	(+)192.98	(+)187.13	(+)193.77	(+)201.52	(+)248.35
5.कर्जे और पै ागियां					
पै ागियां	188.28	170.93	241.80	199.31	217.61

वसूलियां	26.50	23.93	32.82	24.42	30.98
निवल	(–)161.78	(–)147.00	(–)208.98	(–)174.89	186.53
6. अन्तर्राज्यीत निपटान	–	–	–	–	–
7. आकस्मिकता निधि मे विनियोग	–	–	–	–	–
8. आकस्मिकता निधि निवल	–	(–)0.59	–	–	–
9. छोटी बचते, भविश्य निधि आदि निवल	(+)86.74	(+)96.67	(+)53.27	(+)58.89	(+)78.07
10. जमा तथा पे ागियां–					
आरक्षितनिधियां, निलम्बित तथा विविध निवल	(+)55.82	(––)36.70	(+)53.20	(+)58.89	(+)78.07
11. प्रेशण (निवल)	––	––	––	––	––
12. वर्श का इति भोश					

(क) (1) महालेखाकार के अनुसार	(––) 42.02	(––)72.24	(––)58.48	(––)103.99	(––)115.85
(2) भारतीय रिजर्व बैक के अनुसार	(––)19.78	(+)12.42	(––)36.24	(––)19.33	(––)31.17
(ख) प्रतिभूतियों में निवे ा	7.98	7.98	7.98	7.98	7.98

भारतीय रिजर्व बैक द्वारा सूचिम 31 मार्च, 1989 को बकाया 76.75 करोड़ रुपए के खजाना बिलों के समायोजन के प चात्:

इस विवरण से यह पता चलता है कि भारतीय रिजर्व बैंक के खातों के अनुसार वर्श 1990–91 के अन्त में 31 करोड़ 33 लाख रुपये का घाटा होने की सम्भावना है जबकि वर्श के आरम्भ में 19 करोड़ 33 लाख रुपयें का घाटा सम्भावित है। वर्श 1990–91 के बजट अनुमानो में राज्य योजनागत परिव्यय के लिए 700 करोड़ रुपये की व्यवस्था करने के अतिरिक्त 142 करोड़ 91 लाख रुपये का प्रावधान केन्द्रीय प्रायोजित स्कीमों के लिए भी किया गया है। सिंचाई एवं बिजली क्षेत्रों के लिए 290 करोड़ 70 लाख रुपये का संयुक्त परिव्यय चालू वर्श के सं ाोधित परिव्यय से 31.11 प्रति ात अधिक है। कृशि और ग्रामीण विकास के लिए तथा विकेन्द्रीकृत योजना के लिए प्रस्तावित परिव्यय चालू वर्श के सं ाोधित अनुमानों के मुकाबिले क्रम ाः 21.28 प्रति ात तथा 220 प्रति ात अधिक है। इससे यह स्पश्ट जाहिर होता है कि हमने कृशि एवं उद्योग के विकास को उच्चतम प्राथमिकता दी है।

वर्श 1990–91 के दौरान राजस्व घाटे में, इस वर्श के 59 करोड़ 99 लाख रुपये के सं ाोधित घाटे के मुकाबले 38 करोड़ 15 लाख रुपये की कमी होने की सम्भावना है। इससे यह संकेत मिलता है कि आय प्राप्तियों में निरन्तर वृद्धि जारी रहेगी तथा गैर–योजना एवं अनाव यक खर्चो में कमी कर दी गई हैं। भाुद्ध सार्वजनकि ऋण 248 करोड़ 35 लाख रुपये का उपलब्ध होगा। कर तथा गैर कर राजस्व प्राप्तियों का जायजा अधिकतर पूर्व विकास दरों को ध्यान में रख कर लिया गया है और नौवें

वित्तायोग की सिफारि ाों को कर राजस्व, ब्याज, प्राप्तियों, जल प्रभार तथा परिवहन सेवाओं जैसी उन मदों के मामले में, जहां ऐसा करना उचित समझा गया, नजरंदाज किया गया है। उदाहरणस्वरूप राज्य उत्पाद भाुल्क तथा स्टैम्प एवं पंजीकरण से प्राप्तियों में क्रम ाः 20 प्रति ात तथा 12 प्रति ात की दर से वृद्धि की परिकल्पना की गई है। हमें पूर्ण आ ाा है कि कर चोरी निरोधक उपायों के लागू करने के फलस्वरूप राज्य उत्पाद भाुल्क एवं बिक्री कर से और अधिक राजस्व प्राप्त होगा। हमने भारत सरकार से भी पुरजोर अनुरोध किया है कि ''कनसाईनमैट टैक्स'' को अति भाीघ्र लगाया जाये क्योंकि इस साधन से राज्य सरकार को प्रति वर्श लगभग 50 करोड़ रुपये की आय होने की सम्भावना है। गैर योजना खर्च अनुमान तैयार करते समय आमतौर पर नौवे वित्तायोग के मार्गनिर्दे ाों को ध्यान में रखा गया है। राजस्व लेखे में गैर–योजना खर्च की वृद्धि को सामान्य स्तर पर ही रखा गया है। तथापि, वर्श 1990–91 के बजट अनुमानों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ग्रामीण विद्युतीकरण के कारण हुई हानि की प्रतिपूर्ति के लिए हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड को अगले वर्श 36 करोड़ रुपये की सबसिडी दी जानी प्रस्तावित है। छोटे नालों को पक्का करने पर किसानों के हिस्से के खर्च को माफ करने के एवज में राज्य लघु–सिचाई एवं नलकूप निगम को 21 करोड़ 93 लाख रुपये के अनुदान की तथा सहकारिता विभाग को अल्पकालिक तथा, मध्यकालिक कर्जों को माफ करने के एवज में 6 करोंड़ 68 लाख रुपये देने की व्यवस्था की गई है।

मै माननीय सदस्यों को यह बताना चाहूंगा कि बजट घाटे को न्यूनतम स्तर पर तथा सीमा के अन्दर ही रखा गया है। हम 31 करोड़ 19 लाख रुपये के घाटे को, राजस्व करों की बेहतर वसूली से तथा अनाव यक एवं गैर–योजना खर्चो में किफायत करके, पूरा करने का प्रयत्न करेगे। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि वे हम पर अपनी कृपा दृश्टि रखें ताकि अच्छी फसलों से हुए अन्दरूनी साधनों में सम्भावित उछाल से हम अपने बजट घाटे को पूरा कर सकें। इसीलिए मैंने अगले वर्श में कोई नये कर लगाने अथवा वर्तमान करों या उद्ग्रहणों की दरों में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव नहीं किया है, क्योंकि मैं न तो राज्य की अर्थ–व्यवस्था पर मुद्रास्फीति का बोझ डालना चाहता हूं और न ही अपने राज्य के नागरिको पर कोई अतिरिक्त आर्थिक भार डालना चाहता हूं। तथापि, राज्य सरकार को विकास ील आव यकताओं को पूरा करने के लिए परिवहन तथा विद्युत जैसी आव यक सेवाओं की व्यवस्था से और अधिक कार्य–कु ालता लानी होगी।

सरकारी कर्मचारियों को सुविधा

विभिन्न विकास ील एवं कल्याणकारी योजनाओं के बनाने एवं उन्हें प्रभावी ढ़ग से लागू करने में हमारी सरकार अपने कर्मचारियों के योगदान की सराहना करती है। अपने कर्मचारियों के मनोबल को ऊंचा रखना हमारा कर्तव्य है। हम कर्मचारियों की आवासीय जरूरतो की पूर्ती में कठिनाइयों को महसूस करते है। इसी के दृश्टिगत उनकी धन सम्बंधी आव यकताओं को पूर करने

के लिये हमने भवन–निर्माण ऋण के लिये एक लाख रुपये या 35 महीनों के वेतन के बराबर रा ि ा की वर्तमान सीमा को बढ़ाकर 2 लाख 50 हजार रुपये या 60 महीनों का वेतन के बराबर रा ि ा, जो भी कम हो, कर दिया है। इसी उद्दे य से मकान की मुरम्मत अथवा विस्तार के लिये भी ऋण की भार्तो को बढ़ाकर क्रम ाः 10 महीनों के वेतन तथा 12 महीनें के वेतन के बराबर कर दिया है। आवासीय प्लाट खरीदने के लिये वर्तमान सीमा को बढ़ाकर भवन निर्माण ऋण की देयता के 60 प्रति ात के बराबर या एक लाख 10 हजार रूपये, जो भी कम हों, कर दिया गया है।

हमारी सरकार ने अपने कर्मचारियों को जनवरी, 1989 तथा जुलाई, 1989 से देय दो मंहगाई भत्ते की किस्तें भी दे दी है जिससे राजकीय कोश पर लगभग 32 करोड़ 58 लाख रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

हमारी सरकार अपने पेन्ा ान–भोगियों के कल्याण के प्रति भी जागरूक है तथा उन्हे भी पहले वर्णित दोनों किस्ते दे दी गई है। इसके अतिरिक्त उन पे ान–भोगियों को जो 31–3–1979 तक सेवा निवृत्त हो गये है और जो 500 रुपये तक या इससे अधिक पेन्ा ान पर रहे है, उनको क्रम ाः 50 रुपये और 100 रुपये का कम से कम अतिरिक्त लाभ दिया गया है। यही लाभ उन पें ान भोगियों को भी दिया गया है जो 31–3–1985 से पहले सेवा निवृत्त हुये है।

हरियाणा पहला ऐसा राज्‍ है जहां चौथे वेतन आयोग की सिफारि ाों के आधार पर अपने कर्मचारियों को सं ाोधित वेतनमान दिया गया। वेतनमानों में पाई गई विसंगतियों को दूर करने के लिये गठित आयोग की सिफारि ाों पर विचार किया जा रहा है और हम आ ाा करते है कि जल्‍दी ही आयोग की सिफारि ाो बारे निर्णय ले लिया जायेगा। तथापि, इन्‍जीनियरों, डाक्‍टरों तथा पुलिस उप–अधीक्षकों के वेतनमानों को पहले ही सं ाोधित किया जा चुका है।

मुझे यह घोशणा करते हुये खु ाी महसूस हो रही है कि पिछले वर्श की तरह इस वर्श भी हमारी सरकार ने भारत सरकार की पद्यति पर उन कर्मेचारियों को 27 दिन के वेतन के बराबर बोनस देने का निर्णय किया है, जो किसी उत्‍पादकता से सम्‍बद्ध बोनस स्‍कीम या अन्‍य बोनस या किसी अन्‍य अनुग्रह स्‍कीम के अन्‍तर्गत नहीं आते। इससे सरकारी कोश पर लगभग 27 करोड़ रुपये का अतिरिक्‍त बोझ पड़ेगा। परन्‍तु इसी वर्श हमने पेन्‍ ान भोगियों को लाभ व न्‍यायालयों के आदे ाानुसार सरकारी व गैर सरकारी स्‍कूलों के अध्‍यापको को देय वेतन के बकायों की अदायगी आदि की है। इससे सरकार की कठिन अर्थोपाय स्‍थिति पर और भी अधिक भार बढ़ा है इसी कठिनाई की वजह से मजबूरन मुझे यह फैसला लेना पड़ा है कि पिछले वर्श की तरह बोनस को कर्मचारियों के भविश्‍य निधि खाते में जमा किया

जायेगा। मैं आ ाा करता हूं कि हमारे कर्मचारी मेरी इस कठिनाई को समझेगें और मुझे अपना पूर्ण सहयोग एवं योगदान देगें।

हमारे बहुत से ऐसे कर्मचारी है जो पर्याप्त पदोन्नति के अवसरों के अभाव में अपने ही वेतनमान मे अटके रहते है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये, राज्य सरकार ने ऐसे कर्मचारियों की कठिनाईयों को दूर करने हेतु एक ''समयबद्ध एडवांसमैन्ट स्कीम'' भाुरू करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा 10 वर्श की सेवा अवधि और 20 वर्श की सेवा अवधि पूरी होने पर दी जायेगी। इससे यह सुनि ित हो जायेगो कि किसी भी कर्मचारी को उसकी सेवा अवधि में कम से कम दो ''एडवांसमैन्ट'' का लाभ मिले। यह सुविधा ''परमो ानल वेतनमाल'' के रूप में उपलब्ध होगी। इससे राजकीय कोश पर चार से पांच करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। (तालियां)

राज्य सरकार अपने कर्मचारियों के प्रति अपने कर्तव्यों के बारे जागरूक है, लेकिन साथ ही यह उम्मीद भी करती है कि वे राज्य के निर्माण के प्रयासों में अपना सर्वोत्तम योगदान दें। हरियाणा राज्य को एक खु ाहाल राज्य बनाना हम सभी के प्रयत्नों का लक्ष्य होना चाहियें। अनु ाासन, कर्तव्य निश्ठा एवं कार्य कु ालता हमारे संस्थानों, विभागों की कार्य प्रणाली एवं कर्मचारियों के आचरण का मापदण्ड होना चाहियें।

अपने भाशण को समाप्त करने से पूर्व मै कर्मचारियों की उस टीम के प्रति अपना आभार और धन्यवाद अव य व्यक्त करूंगा जिन्होनें इन बजट अनुमानों को सावधानी पूर्वक तैयार करने में कठिना परिश्रम किया है। महालेखाकार, हरियाणा ने इसमें वि ोशतौर से हमारी सहायता की है। वित्त विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने वास्तव में बजट अनुमानों को समय पर तैयार करने, मुद्रणालय की तथा हरियाणा मुद्रणालय का इस कार्य के निपटान में सदैव की भान्ति अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं इन सभी का हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

महोदय, अब मैं इन बजट अनुमानों को इस माननीय सदन के विचार तथा अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करता हूं।

जय हिन्द। (तालियां)

श्री अध्यक्षः अब हाउस कल प्रातः 9.30 बर्ज तक ऐडजर्न किया जाता है।

11.56 बजे।

(तत्प चात सदन वीरवार, दिनांक 15 मार्च, 1990 प्रातः 9.30 बजे तक स्थगित हुआ।